फोन [illegible]
कार्यालय [illegible]

# हरियाणा ग्रन्थ अकादमी

(हरियाणा सरकार द्वारा संस्थापित स्वायत्तशासी संस्था)
E-Mail : dychairmanhga@gmail.com
उपाध्यक्ष एवं निदेशक

सेवा में,

कुलपति,
कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय,
कुरुक्षेत्र।

विषय : अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत गीता कौशल/गीता संवाद अभियान

महोदय,

गीता कौशल अभियान कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, हरियाणा ग्रंथ अकादमी और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा। जिओ गीता और ग्रामोदय अभियान गैर सरकारी/ सामाजिक व आध्यात्मिक सहयोगी के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभागी होंगे।

- गीता कौशल अभियान के अंतर्गत 32 महाविद्यालयों में गीता संवाद आयोजित होंगे जिनमें संबंधित महाविद्यालयों के विद्यार्थी अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में निर्धारित विषयों पर अपने वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रत्येक महाविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ 3 प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जाएगा।
- कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा सभी संबंधित महाविद्यालयों को इस आयोजन में प्रतिभागिता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जाएं तथा आयोजन को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए कृपया विश्वविद्यालय के दो कर्मचारियों को कार्यक्रम की अवधि के दौरान ग्रंथ अकादमी की योजना अनुसार कार्य करने के लिए तैनात/ प्रतिनियुक्त किया जाए।
- हरियाणा ग्रंथ अकादमी द्वारा कार्यक्रम के संयोजक की भूमिका अदा की जाएगी। अकादमी विद्यार्थियों के लिए उपयोगी अध्ययन सामग्री एक पुस्तिका के रूप में प्रकाशित करेगी। पुस्तिका तैयार करने के साथ-साथ प्रकाशन का खर्च अकादमी द्वारा वहन किया जाएगा।
- संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति अध्ययन सामग्री तैयार करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की देखरेख करेंगे और पूर्व तैयारी के निरीक्षण/ महाविद्यालयों के मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालयों का दौरा करेंगे।
- उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु आने वाले विभिन्न व्यय वक्ताओं का मानदेय, मार्गव्यय, फोटोग्राफर व्यवस्था, चयन होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और अतिथियों को स्मृति चिन्ह पर होने वाले खर्च का वहन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा किया जाएगा।
- सामाजिक और आध्यात्मिक सहयोगी के नाते जिओ गीता और ग्रामोदय न्यास कार्यक्रम में सहभागी होंगे। महामण्डलेश्वर पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का संरक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त होगा और जिओ गीता/ग्रामोदय के स्वयंसेवक कार्यकर्ता सब स्थानों पर इस कार्यक्रम में सहयोगी रहेंगे।

**महाविद्यालयों में कार्यक्रम का स्वरूप**

- प्रत्येक कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता पर युवा शक्ति का मार्गदर्शन करने के लिए एक विषय विशेषज्ञ का वक्तव्य भी होगा।

Video Conference was held on (17.12.2018) (12.30 P.M. to 2.02 P.M.)

**KURUKSHETRA UNIVERSITY KURUKSHETRA**
(Established by the State Legislature Act-XII of 1956)
("A" Grade NAAC Accredited)

Endst. No.-146/CBS/2018/22578-22583 dated 13/12/2018

Copy of the above is forwarded to the Principals/Directors of all Colleges/Institutes affiliated to this University for information and taking necessary action.

Dy.Superintendent(Colleges)
for Dean of Colleges

Scanned with CamScanner

- महाविद्यालयों के नवनिर्वाचित छात्र संघों को इस अभियान से जोड़ने के लिए निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी आयोजन में प्रतिभागी होने के लिए अमंत्रित किया जाएगा। गीता संसद के सभापति के रूप में महाविद्यालय के निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष/अध्यक्षा की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।
- कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विद्यार्थी (न्यूनतम-5, अधिकतम-10)गीता पर अपने वक्तव्य(गीता से क्या सीखा)प्रस्तुत करेंगे। वक्तव्य हेतु प्रतिगाभी को दो से पाँच मिनट का समय मिलेगा। वक्तव्य की हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी दोनो हरियाणा ग्रंथ अकादमी को कार्यक्रम पूर्व उपलब्ध करवाई जाएगी।
- महाविद्यालय स्तर पर तीन सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।
- अन्तर्महाविद्यालय स्तर पर सभी विद्यालयों में से चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन विद्यार्थियों को समापन कार्यक्रम में अपना वक्तव्य प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।
- महाविद्यालय को गीता पर आधारित एक सांस्कृतिक प्रस्तुति (नाट्य, नृत्य, गायन) भी कार्यक्रम के दौरान देनी होगी। चुनिंदा प्रस्तुतियों को समापन कार्यक्रम में भागीदारी का अवसर मिल सकता है।
- जिन-जिन स्थानों पर यह आयोजन होंगे वहां के प्रबुद्ध नागरिकों को भी कॉलेज द्वारा आमंत्रित किया जाना है। हरियाणा ग्रंथ अकादमी द्वारा कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन एवं प्रदर्शनी हेतु स्थान की व्यवस्था कॉलेज द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के संयोजन हेतु एक कॉलेज द्वारा संयोजक नियुक्त किया जाए।

कृपया इस संबंध में आवश्यक सैद्धांतिक सहमति और स्वीकृति प्रदान कर कृतार्थ करें।

(वीरेन्द्र सिंह चौहान)

Scanned with CamScanner

गीता – कौशल – गीता संसद 17 · 12 · 2018

उपस्थित छात्राएँ।

| S.No | Name | class | Roll No |
| --- | --- | --- | --- |
| 1 | Kavita. | B.A-Ist (g.) | 2267120047 |
| 2. | Manisha | " | 48 |
| 3. | Mansi | " | 79 |
| 4. | Manjeet | " | 77 |
| 5. | Reema Saini | " | 73 |
| 6. | Himani | " | 67 |
| 7 | Vrinda | " | 63 |
| 8. | Indu Devi | " | 59 |
| 9. | Kamaldeep Kaur | " | 53 |
| 10 | Beena Kumari | " | 86 |
| 11. | Monika | " | 100 |
| 12. | Pooja Rani | " | 103 |
| 13 | Navneet Kaur | " | 105 |
| 14. | Shilpa. | " | 108 |
| 15. | Kirti | " | 115 |
| 16. | Swati | " | 118 |
| 17 | Medhiya Singh | " | 119 |
| 18 | Shikha Yadav | B.A-III (g.) | 3124 |
| 19. | Kajal | " | 3126 |
| 20 | Manju Bala | " | 3130 |

Scanned with CamScanner

| S.No | Name | Class | Roll No |
|---|---|---|---|
| 21. | Shitu. | B.A-III | 3175 |
| 22. | Parveen Rani | 11. | 3182. |
| 23 | Shiwani Devi | 11. | 32.15 |
| 24 | Vishakha | 11. | 3233 |
| 25 | Neeraj | 11. | 3242. |
| 26 | Sapna | 11. | 3251. |
| 27 | Baby | 11. | 3260 |
| 28 | Preeti | 11 | 3270 |

Aman

Scanned with CamScanner

(17)

दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
प्रैस-नोट

आज दिनांक 17.12.18 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र ने हरियाणा ग्रंथ अकादमी पंचकूला द्वारा आयोजित गीता संसद एवं गीता कौशल परिचर्चा में भाग लिया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राध्यापिकाओं और छात्राओं ने विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह चौहान से सीधा संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सुमन राजन एवं डॉ. आरती अग्रवाल ने सम्बन्धित विषय पर आवश्यक प्रश्न भी किये जिनका उद्देश्य छात्राओं को गीता दर्शन से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम के दौरान अन्य महाविद्यालयों से भी वैचारिक रूप से जुड़ने का अवसर मिला। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजेश्वरी शर्मा ने इस परिचर्चा की सराहना करते हुए कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के सुविचार और शिक्षाएं युवा पीढ़ी को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करेंगी तथा उनके व्यक्तितत्व को भी निखारेंगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्राध्यापिकाओं में डॉ. मनजीत कौर, डॉ. सीमा, डॉ. रीजा, डॉ. नेहा, डॉ. रितु, कुमारी तनु तथा छात्राओं में पूजा, निशा, स्वाति, दीक्षा, पूनम आदि उपस्थित रहीं।


Suman
17.12.18

Arti Aggarwal
17/12/18

Scanned with CamScanner

Video-Conferencing

Geeta Sansad - Geeta Kaushal (17.12.2018).






Scanned with CamScanner

Video - Conferencing

Geeta Sansad - Geeta Kaushal (17.12.20



Scanned with CamScanner